दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शनिवार 22 अक्टूबर 2022

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

# इनसान-जानवर का संघर्ष

एक तरफ वन्य जीव खतरे में हैं, तो दूसरी यह भी सच है कि  बीते सालों में इंसानों पर जंगली जानवरों के हमलों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस मसले का हल अब जरूरी है।

हाल में नामीबिया से चीते भारत लाए गए, तो उनकी खूब चर्चा रही। उन चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां गए। इसके लिए प्रधानमंत्री ने अपने जन्म दिन का विशेष अवसर चुना। जाहिर है, उससे वन्य जीवों के प्रति प्रधानमंत्री के लगाव का सदेश सारे देश को दिया गया। इसीलिए प्रधानमंत्री से यह अपेक्षित है कि वे देश के कई इलाकों में इनसान और जानवरों के बीच बढ़ रहे विरोध पर भी ध्यान दें। अब यह जरूरी हो गया है कि ऐसी विरोध स्थितियों को हल करने के प्रभावी कदम यथाशीघ्र उठाए जाएं। हाल में बिहार में वाल्मिकीनगर टाइगर रिजर्व के एक बाघ के नरभक्षी बनने के बाद सरकार के आदेश पर उसे मार दिए जाने की घटना ने ऐसे टकरावों की तरफ सारे देश का ध्यान खींचा है। इससे वन्य जीव अभयारण्यों के आसपास के इलाकों में बसे लोगों की सुरक्षा का सवाल उठा है और प्रोजेक्ट टाइगर के औचित्य पर भी बहस शुरू हो गई है।

एक तरफ वन्य जीव खतरे में हैं, तो दूसरी यह भी सच है कि  बीते सालों में इंसानों पर जंगली जानवरों के हमलों की संख्या बढ़ती जा रही है। वाल्मिकीनगर टाइगर रिजर्व बिहार का एकमात्र टाइगर रिजर्व है। इसे देश का पांचवा सर्वश्रेष्ठ टाइगर रिजर्व और वन्य जीव अभयारण्य माना जाता है। यहां रॉयल बंगाल टाइगर प्रजाति के बाघ हैं। यहां से निकले एक बाघ ने सिर्फ सितंबर महीने में ही छह लोगों की जान ले ली। इसके अलावा कई लोग घायल हुए हुए और कई मवेशियों की भी जान गई। इस कारण आसपास के करीब 50 से अधिक गांवों के लोग एक महीने से ज्यादा समय से डर के साये में जी रहे थे। आखिरकार बाघ को नरभक्षी घोषित कर उसे मार दिया गया। बहरहाल, ऐसी समस्या पैदा होने का यह पहला मामला नहीं है। बल्कि कई अन्य अभयारण्यों के पास भी जानवर अक्सर आसपास के रिहायशी इलाकों में घुस जाते हैं। बेशक जंगली जानवरों के हमले की वजह मनुष्यों और जानवरों के बीच के संघर्ष हैं। इसके समाधान पर सोचना अब जरूरी हो गया है।

# इलेक्ट्रिक गाड़ियों की खरीदारी पर 10 हजार से लेकर 20 लाख तक की छूट

❑ लागू हुई नई पॉलिसी



**रांची ।** झारखंड सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपनी नई पॉलिसी का एलान कर दिया है। सरकार का लक्ष्य है कि 2026 तक राज्य में कुल वाहनों में 10 प्रतिशत इलेक्ट्रिक व्हीकल हों। सरकार ने इन वाहनों की खरीदारी करने पर 10 हजार से लेकर 20 लाख रुपये तक की छूट देने की घोषणा की है। रोड टैक्स और परमिट पर भी रियायत दी जाएगी। राज्य सरकार के कर्मियों को इलेक्ट्रिक दोपहिया या चारपहिया वाहन खरीदने पर 100 फीसदी इंटरेस्ट सब्सिडी दी जाएगी।


सरकार की ओर से नोटिफाई की गई नई पॉलिसी के अनुसार, इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर 1.50 लाख रुपये तक की छूट का लाभ हासिल कर सकेंगे। इलेक्ट्रिक टू व्हीलर पर 10 हजार रुपये तक का डिस्काउंट मिलेगा। कॉमर्शियल उद्देश्य से इलेक्ट्रिक ऑटो की खरीद पर 30 हजार रुपये की छूट हासिल होगी। सरकार चाहती है कि राज्य में ई-बसों का बड़े पैमाने पर परिचालन हो। लिहाजा, ऐसी बसों की खरीदारी पर लगभग 20 लाख रुपये तक की छूट मिल सकती है।

छूट की इन योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ सबसे पहले खरीदारी करने वाले ग्राहकों को मिलेगा। इवी के पहले 10 हजार खरीदार को 100 प्रतिशत, 10 से 15 हजार खरीदारों को 75 प्रतिशत और इसके बाद खरीदारी करने वालों 25 फीसदी तक की छूट दी जा सकती है। पॉलिसी में यह व्यवस्था की गई है कि खरीदारों को किसी भी स्थिति में कुल कीमत के लिहाज से 10 प्रतिशत की छूट उपभोक्ताओं को मिलेगी। इसमें वाहन पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स से पूर्ण छूट का भी एलान किया गया है।

सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनियों को झारखंड में प्रोडक्शन यूनिट लगाने पर आकर्षक ऑफर का एलान किया है। ऐसी कंपनियों को दो करोड़ से लेकर 30 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। यह लाभ हासिल करने के लिए उन्हें झारखंड की ईवी पॉलिसी के लॉन्च के बाद से पहले दो वर्षों के भीतर राज्य में प्रोडक्शन यूनिट लगानी होगी।

सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एडवांस केमेस्ट्री सेल बैटरी का भी उत्पादन शुरू हो जाए। सरकार की योजना के मुताबिक हर तीन किमी के दायरे में एक चार्जिंग स्टेशन और नेशनल हाईवे पर हर 24 किलोमीटर की दूरी पर चार्जिंग स्टेशन लगाये जायेंगे। शहरी क्षेत्रों में हर 10 लाख की आबादी पर 50 चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी है। यह पॉलिसी पांच सालों के लिए लागू की गई है। सरकारी कार्यालयों में भी कार्यालय इस्तेमाल के लिए इवी के ही इस्तेमाल पर पर जोर दिया जायेगा।

# एंड्रायड मोबाइल फोन को लेकर गूगल पर 1337.76 करोड़ का जुर्माना




**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने एंड्रायड मोबाइल फोन के बाजार में अव्वल स्थान पर होने का दुरूपयोग करने और गैर प्रतिस्पर्धी गतिविधियों के लिए गूगल पर 1337.76 करोड़ रुपये का न:न सिर्फ जुर्माना किया है बल्कि कंपनी को निर्धारित समयावधि में इसमें सुधार करने को भी कहा है।

आयोग ने आज जारी अपने आदेश में गूगल से 30 दिनों भीतर विस्तृत वित्तीय रिपोर्ट और इससे जुड़े अन्य दस्तावेज पेश करने का आदेश देते हुये कहा है कि यह जुर्माना अस्थायी (प्रोविजनल) है। स्मार्टफोन को चलाने के लिए एक ऑपरेटिंग सिस्टम की जरूरत होती है जिस पर ऐप चलता है। गूगल ने एंड्रायड को 2005 में अधिग्रहण किया था। आयोग ने गूगल की गतिविधियों की जाँच की जिसमे एंड्रायड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम की लाइसेंसिंग के साथ ही गूगल प्ले स्टोर, गूगल सर्च , गूगल क्रोम और यूट्यूब आदि की जाँच की गयी।

आयोग ने गूगल के इस एंड्रायड और एप्पल के ऑपरेटिंग सिस्टम का अध्ययन किया और पाया कि इन दोनों के बिजनेस मॉडल में बहुत अंतर है। गूगल का ऑपरेटिंग सिस्टम राजस्व अर्जित करने में मददगार है। गूगल का सर्च इंजन उसके विज्ञापन को बढ़ावा देता है। इसके साथ एंड्रायड आधारित मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनियों को भी ऐप स्टोर में ऐसे ऐप के लिए कहा जाता है जो गूगल को राजस्व देता है।

इसके साथ गूगल के इस एंड्रायड ऑपरेटिंग सिस्टम में कई तरह की और गतिविधियां पायी गयी है जो गैर प्रतिस्पर्धी गतिविधियों को बढ़ावा देती है। इसके कारण कंपनी पर यह जुर्माना लगाया गया है।

# निर्यात खेप 24 घंटे के अंदर बंदरगाह से छोड़ने की सुविधा का लक्ष्य : सीबीआईसी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष विवेक जौहरी ने कहा कि सरकार ने भारत से निर्यात माल की खेप की निकासी में लगने वाला समय घटा कर बंदरगाहों से माल 24 घंटे और हवाईअड्डों से 12 घंटे के अंदर छोडऩे का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। श्री जौहरी राजधानी में उद्योग भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)द्वारा आयोजित राष्ट्रीय निर्यात शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा , भारत ने औसत रिलीज (माल छोडऩे के समय) को कम करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। समुद्र और वायु के माध्यम से कार्गो निर्यात करने का समय क्रमश: 24 घंटे और 12 घंटे करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अब माल को छोडऩे में लगने वाला समय आधा हो गया है, लेकिन अभी भी लक्ष्य स्तर को पूरा करने के लिए बहुत काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसमें औसत 80 -85 समय सीमा शुल्क द्वारा खेप की मंजूरी दे दिए जाने के बार उसे स्थानांतरित करने में लगता है।

# सांस्कृतिक बदलाव के लिए नई प्रतिभाओं को शामिल करना जरूरी : एयर इंडिया



**नई दिल्ली।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने कहा कि कंपनी में सांस्कृतिक परिवर्तन के लिए नई प्रतिभाओं को शामिल करना आवश्यक है।

एयर इंडिया के प्रमुख मानव संसाधन अधिकारी सुरेश दत्त त्रिपाठी ने आज यहां कहा कि कर्मचारियों की एक पूरी पीढ़ी ने वर्षों से सीमित भर्ती के कारण एयर इंडिया के लिए काम करने का अवसर गंवा दिया।

उन्होंने कहा, हम इस व्यवस्थापन संबंधी अंतर को भरने का प्रयास कर रहे हैं हम एयर इंडिया को दुनिया की अग्रणी एयरलाइन बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इसके संचालन के केंद्र में ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित है। हमारी यह पहल उचित प्रतिभा की भर्ती करने पर केंद्रित है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी मानव संसाधन क्षमताएं विकास की गति और संगठन की उभरती जरूरतों के साथ तालमेल रखती हैं।

उन्होंने कहा, सांस्कृतिक बदलाव लाने के लिए नई पीढ़ी की प्रतिभाओं को शामिल करना भी आवश्यक है जो एयर इंडिया को पसंदीदा नियोक्ता बना देगा।

एयर इंडिया के बयान में कहा गया कि उसके प्रतिभा वृद्धि कार्यक्रम में एक अभूतपूर्व स्तर की रुचि दिखाई गयी है जो कंपनी के पांच साल के परिवर्तन योजना विहान.एआई का एक प्रमुख स्तंभ है। एयर इंडिया की विहान.एआई पांच वर्षों में स्पष्ट उद्देश्यों के साथ प्रमुख योजना है।

बयान के अनुसार एयर इंडिया ने 15 वर्षों से गैर-परिचालन विभागों में कोई नियुक्ति नहीं की है और अब वह तेजी से राजस्व प्रबंधन, बिक्री, वितरण, नेटवर्क योजना और विपणन जैसे वाणिज्यिक कार्यों से लेकर इसके व्यवसाय के सभी क्षेत्र मानव संसाधन, वित्त, आईटी और विश्लेषिकी सहित व्यापार सहायता सेवाओं में नियुक्ति कर रही है। इसके साथ ही संचालन, इनफ्लाइट उत्पाद डिजाइन इंजीनियरिंग एवं हवाई अड्डे की सेवाओं, रोस्टरिंग और संचालन नियंत्रण में नियुक्ति की जा रही है।

# कोयला आयात की दो साल में जरूरत नहीं रह जाएगी : जोशी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश में कोयला उत्पादत तेजी से बढ़ाने के प्रयास तेज किए गए हैं और दो वर्ष में कोयला आयात की जरूरत नहीं रहेगी।

उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कोयला उत्पादन 90 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा।

उन्होंने कहा कि कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खनिज अन्वेषण मानदंडों में ढील दी गई है और अब तक नौ निजी अन्वेषण एजेंसियों को मान्यता मिली है। इससे आगे कोयला उत्खनन में और तेजी आने की संभावना है।

श्री जोशी यहां भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में 'खनिज और ऊर्जा संसाधनों पर संपत्ति खातों का संग्रह' शीर्षक पहली रिपोर्ट जारी करने के लिए आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी और संस्थागत बना दिया गया है।

उन्होंने कहा कि कोयला आयात में काफी कमी आई है और 2024 तक आयात बंद कर दिया जाएगा।

श्री मोदी ने खनिज संपत्तियों पर संपत्ति खाते का पहला संग्रह निकालने के लिए सीएजी कार्यालय की सराहना करते हुए कहा कि रिपोर्ट विभिन्न राज्यों में फैले खनिज संसाधनों की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करती है। यह रिपोर्ट राज्यों के खनिज सम्पत्ति खातों की जानकारी को मिला कर, सरकार खता मानक सलाहकार परिषद (जीएएसएबी) द्वारा तैयार की गयी है। इसमें संग्रह में 28 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में सभी चार जीवाश्म ईंधन, 40 प्रमुख खनिजों और 63 छोटे खनिजों का विवरण शामिल है।

समारोह में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू और चयनित राज्यों के खान सचिव, उनके भूविज्ञान और खनन आयुक्त और महालेखाकार तथा सलाहकार समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

# बड़े मंच पर पाकिस्तान से टक्कर लेना अद्वितीय अनुभव : पंत




**मेलबर्न ।** भारत के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि बड़े मंच पर पाकिस्तान का मुकाबला करना अद्वितीय अनुभव है और आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में रविवार को वह दोबारा यह अनुभव लेना चाहेंगे। भारत और चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के बीच जारी लड़ाई का अगला अध्याय रविवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में लिखा जाएगा। दोनों टीमें करीब एक लाख लोगों के सामने इस मैच के साथ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेंगी।


पंत ने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ खेलना हमेशा खास होता है क्योंकि उस मैच को लेकर हमेशा की तरह विशेष उत्साह है। इसमें न केवल हमारे लिए, बल्कि प्रशंसकों के लिए भी बहुत सारी भावनाएं शामिल हैं। यह एक अलग तरह का एहसास है।

बतौर विकेटकीपर भारतीय एकादश में जगह बनाने के लिये पंत का मुकाबला दिनेश कार्तिक से है, हालांकि टीम प्रबंधन मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत को टीम में जगह दे सकती है। पंत ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में खेले गये टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व किया था जहां उन्होंने 26 गेंदों पर 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी।

पंत ने कहा, जब आप मैदान पर उतरते हैं, तो आपके चारों तरफ अलग तरह का माहौल होता है। चारों ओर दर्शक आपकी हौसला अफजाई करते हैं। जब हम अपना राष्ट्रगान गा रहे थे, तो वास्तव में मेरे रोंगटे खड़े हो गए।

टी20 विश्व कप में पिछले साल की भिड़ंत एकतरफा रही थी। मोहम्मद रिजवान और बाबर आज़म की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान को 10 विकेट की जीत का उपहार देने के लिए भारत के 151/7 के स्कोर को बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया।

# ऋतिक रोशन का फेवरेट चीट मील है समोसा



बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने परिवार के महत्व, अपने पसंदीदा चीट मील और खाली समय में अपनी पसंद की गतिविधियों के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेता ने जीवन में परिवार के महत्व के बारे में बात करते हुए, रोपोसो के शो रेड कार्पेट प्रीमियर पर लाइव कहा, परिवार ही जीवन है।

यह वही है जो मुझे बनाता है। परिवार वे लोग हैं जिनके साथ मैं अपने जीवन का आनंद लेता हूं।अभिनेता ने आगे काम करने और जीवन संतुलन बनाए रखने तथा परिवार और काम को न मिलाने की एक मजबूत मानसिकता रखने पर जोर दिया। यह बताते हुए कि विक्रम वेधा एक अभिनेता के रूप में ऋतिक की 25वीं फिल्म है, उनसे स्क्रीन पर उनके सबसे पसंदीदा चरित्र के बारे में पूछा गया।

ऋतिक ने कहा, बहुत ही कठिन सवाल। अगर मुझे यह कहना होता कि मुझे कौन सा किरदार करने में सबसे ज्यादा मजा आया, तो वह कबीर (वॉर 2019) और वेधा (विक्रम वेधा 2022) के बीच एक कठिन विकल्प होगा। वे दोनों समान रूप से उत्तेजक थे।खाली समय में अपनी गतिविधि के बारे में बात करते हुए, ऋतिक ने कहा, मुझे अपने खाली समय में पढऩा पसंद है।

मुझे ऐसी जगह ढूंढना पसंद है जहां मैं बस बैठकर पढ़ सकूं। जब मैं पढ़ता हूं तो इसका मतलब है कि मैं तनाव मुक्त हूं।

# नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय पेशकश में धनुष स्टारर द ग्रे मैन



ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स फिलहाल अपने काम को लेकर सुर्खियों में है। उसका कंटेंट लोगों को पसंद आ रहा है। नेटफ्लिक्स के सह-सीईओ और मुख्य कंटेट अधिकारी टेड सारंडोस ने कहा है कि वह 2022 के लिए कंपनी के 17 अरब डॉलर के कंटेंट खर्च बजट के बारे में बेहतर महसूस कर रहे हैं। रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है।

सूत्रों ने कहा, नेटफ्लिक्स पर आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।उन्होंने आगे कहा, इसलिए मैं उस 17 अरब डॉलर के खर्च के बारे में बेहतर महसूस करता हूं क्योंकि हमें जो करना है वह किसी और की तुलना में खर्च किए गए प्रति अरब डॉलर पर अधिक प्रभाव प्राप्त करने के लिए बेहतर है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कोई ऐसा काम आपके पास आएगा, जिससे आपको धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और बेहतर हो जायेगी।

***वृष :*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन उम्दा रहेगा, जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बीतेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। कार्यालय जाते समय आप कोई जरूरी फाइल / कागज भूल सकते हैं।

***मिथुन :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा लाभदायक हो सकती है। आपका व्यवहार दूसरों को प्रभावित कर सकता है। आज हर तरह के मामलों में आप शांत मन से विचार करेंगे।

***कर्क :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी निजी काम को पूरा करने के लिए बड़े-बुजुर्ग की राय मानना आपके लिए कारगर साबित होगा। घर में बच्चों की बर्थडे पार्टी का आयोजन करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में रौनक बनी रहेगी।

***सिंह :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई काम पूरा होने में थोड़ी अड़चन आ सकती है। किसी अनुभवी की मदद आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। समाज के लोग आपके पक्ष में रहेंगे।

***कन्या :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने से आपको फायदा होगा। किसी अनुभवी की मदद से आपको धन लाभ की प्राप्ति होगी। पहले किए गये कामों से आपको लाभ होगा।

***तुला :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों के साथ घर पर समय बिताएंगे जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। इसके अलावा कार्यालय में सहयोगी आपके काम से काफी प्रभावित होंगे।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी सहकर्मी से जरूरी काम पर रोचक चर्चा हो सकती है। दूसरों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे।

***धनु :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। परिवार के सभी सदस्य आपसे खुश रहेंगे, लेकिन आपकी सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कार्यालय में किसी सदस्य से थोड़ी बहस हो सकती है, इसलिए गुस्से पर कंट्रोल रखें।

***मकर :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। नौकरी करने वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज कार्यालय में काम ज्यादा होने की वजह से घर देर से पहुंचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होगा।

***कुंभ :*** आज आर्थिक रूप से आपकी प्रगति होना तय है। जीवन में धन लाभ के नये अवसर आयेंगे। रूके हुये काम पूरे होने पर आपको ख़ुशी का अनुभव होगा। सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

***मीन :*** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। धन लाभ के नये रास्ते खुले नजर आएंगे। ऑफिस में आज कोई ऐसा काम आपको मिलेगा, जिसके लिए आप बहुत दिनों से उत्सुक थे।

# चाय के साथ सर्व करें 'पनीर मैसूर बोंडा'



घर आए मेहमानों को शाम की चाय के साथ कुछ टेस्टी सर्व करना चाहते हैं, तो पनीर मैसूर बोंडा करें ट्राय। यहां जानें इसकी क्विक रेसिपी।

## सामग्री :

80 ग्राम कद्दूकस किया हुआ पनीर, 4 उबले आलू, 1 टीस्पून सरसों के दाने, 1 इंच अदरक, ½ टीस्पून गरम मसाला, 1 कटा हुआ प्याज़, 2 कटी हुई हरी मिर्च, ¼ टीस्पून चम्मच हींग, 3 टेबलस्पून धनिया पत्ती, 2 टीस्पून हल्दी पाउडर, ½ कप पानी, 3 टेबलस्पून (45 मिली) तेल, 1 कप बेसन, 2 टीस्पून जीरा पाउडर, 2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादानुसार

## विधि :

- एक बड़े बाउल में बेसन, जीरा, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और नमक डालकर मिलाएं। अब इसमें धीरे-धीरे पानी मिक्स करते हुए बैटर तैयार करें। बैटर गाढ़ा होना चाहिए वरना बोंडा बनने में दिक्कत होगी। कड़ाही में एक चम्मच तेल गरम करें। इसमें राई डालकर उसे चटकाएं। इसके बाद प्याज़ डालकर भूनें। जब तक कि वो सुनहरे न हो जाएं। इसके बाद इसमें अदरक, हरी मिर्च, हींग, हल्दी और नमक डालकर एक मिनट के लिए और पकाएं। अब बारी है इसमें कद्दूकस किया आलू और पनीर डालने की। सारी चीज़ों को अच्छी तरह मिला लें। ऊपर से हरा धनिया डालें और मिश्रण को ठंडा होने दें। मिश्रण के मीडियम साइज के गोले बनाकर रख लें। अब पनियारम पैन को तेल से ग्रीस कर गर्म होने के लिए रख दें। आलू को बेसन के घोल में डुबोएं। अच्छी तरह से कोटिंग करें और फिर इसे पनियारम पैन में रख दें. पैन को ढक दें और बोंडा को दो मिनट के लिए सुनहरा भूरा होने तक पकाएं। एक बार जब यह पक जाए, तो बोंडा पलट कर दूसरी तरफ़ से भी पका लें। पैन को आंच से उतार लें। प्लेट में निकालकर चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 230

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतत:, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 229 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# सू-दोकू- 230

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.229 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |